प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 09.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– भारत तेजी से नवाचार संचालित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर, देश का स्वास्थ्य ढांचा हुआ मजबूत।

2. झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही का आज नौंवा दिन ,पहली पाली में चला प्रश्नकाल, दूसरी पाली मे विभाग की अनुदान मांगों पर होगी चर्चा।

3. गोड्डा–दुमका रेल लाइन के बीच बारापलासी से महारो मोड़ तक नई रेल लाइन को रेल मंत्रालय से मिली मंजूरी, गोड्डा से बासुकीनाथ जाने वाले यात्रियों का बचेगा समय।

4. रांची के मोरहाबादी मैदान में स्टेट हैंडलूम और सरस मेला का आयोजन, आज दोपहर बाद श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव करेंगे उद्घाटन।

5. एफआईएच विश्व कप महिला हॉकी क्वालीफायर के पूल बी के दूसरे मैच में आज, सलीमा टेटे की कप्तानी में भारत का स्कॉटलैंड से होगा सामना।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत आज तेजी से नवाचार संचालित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। श्री मोदी सबका साथ सबका विकास – जन आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर बजट बाद वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एजुकेशन सिस्टम को लगातार अपग्रेड करने पर बल दिया।

अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह बजट का आधार और सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि देश निवारक और समग्र स्वास्थ्य की दिशा में काम कर रहा है और कई जिलों में सैकड़ों नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं।

****

होली के अवकाश के बाद आज एक बार फिर झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने टी ट्वेंटी विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम को ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। प्रश्नकाल में सदस्यों ने अपने – अपने सवाल पूछे। विधायक हेमलाल मुर्मू ने राज्य में मादक पदार्थों की खेती और उसमें संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग की ।

इसके जवाब में मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अफीम की खेती को लगातार नष्ट किया जा रहा है उन्होंने कहा कि अभी तक जांच में किसी भी पुलिस अधिकारी की इसमें संलिप्तता सामने नहीं आयी है

शून्यकाल और ध्यानाकर्षण में सदस्यों ने क्षेत्र की कई समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। विपक्ष ने राज्य की विधि व्यवस्था का भी मुद्दा सदन में रखा। दूसरी पाली में विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा होगी।

****

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने जानकारी दी है कि गोड्डा–दुमका रेल लाइन के बीच बारापलासी से महारो मोड़ तक नई रेल लाइन बिछाने को रेल मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। लगभग तीन किलोमीटर लंबी यह कट रेल लाइन बनने से गोड्डा से बासुकीनाथ जाने वाली ट्रेनों को दुमका होकर नहीं जाना पड़ेगा। नई लाइन

बनने से यात्रियों का और करीब एक घंटे का समय बचेगा। इस परियोजना के लिए जल्द ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होगी।

****

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने चतरा जिले में एक महिला सीओ द्वारा युवकों के सिर पर डंडे से प्रहार करने की घटना को चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक पद पर बैठे अधिकारियों से संयम और कानूनसम्मत आचरण की अपेक्षा की जाती है तथा बीच सड़क इस तरह की कार्रवाई उचित नहीं है। श्री मरांडी ने जिला प्रशासन से संबंधित अधिकारी को तत्काल निलंबित कर प्राथमिकी दर्ज करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

****

रांची के मोरहाबादी मैदान में आज दोपहर बाद 20 मार्च तक आयोजित होने वाले स्टेट हैंडलूम एवं सरस मेला का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव करेंगे, जबकि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी समारोह में शामिल होंगी। इस अवसर पर मेले में विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प और ग्रामीण उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।

****

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में आज दो दशमलव दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स एक हजार सात सौ 54 अंक लुढ़क कर 77 हजार एक सौ 64 पर जबकि निफ्टी पांच सौ 55 अंक गिरकर 23 हजार आठ सौ 95 पर आ गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 50 हजार 2 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 83 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

खूंटी के रनिया थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है। कल रात एक विशालकाय जंगली हाथी ने उलूंग गिरजा टोली में धावा बोल दिया। इस दौरान घर में रखे सामान और अनाज बर्बाद कर दिए। घटना के वक्त सो रहे परिवार के सभी सदस्यों ने भागकर जान बचाई। इधर रामगढ़ जिले में कुजू ओपी क्षेत्र के धनबेडवा गांव में भी बीती रात हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। एक स्कूल परिसर में घुस कर भंडारण कक्ष में रखे बच्चों के मध्याह्न भोजन के लिए रखे चावल बर्बाद कर दिए। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ने की मांग की है।

****

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने झारखंड के कई जिलों में अगले तीन दिनों के दौरान गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। विभाग ने राज्य के करीब 20 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

****

हैदराबाद में एफआईएच विश्व कप महिला हॉकी क्वालीफायर के पूल–बी के दूसरे मैच में आज भारत का सामना स्कॉटलैंड से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय टीम ने कल उरुग्वे पर चार–शून्य की शानदार जीत के साथ अभियान की शुरुआत की।

****